AH -1023 CV-19 S

B.A. (Part-I)

Term End Examination, 2019-20

HINDI LITERATURE

Paper - I

Time:- Three Hours] **[Maximum Marks: 75**

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

इकाई–1

1. निम्नलिखित पद्यांशो की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः 8x3=24

क. हिरदा भीतरि दौ बलै, घुवां न परगट होई। (8 अंक)
जाकै लागी सोलखैं कै जिहि लाई सोई।।
अगनि जु लागी नीर मैं, कंदू जलिया झारि।
उत्तर दक्षिण के पंडिता, रहै बिचारि बिचारि।।

अथवा

पिऊ वियोग अस बाऊर जीऊ। पपिहा निति बोले पिउ–पिऊ।।
अधिक काम दाधै सो रामा। हरि लाई सुआ गयेऊ पिउ नामा।।
बिरह बान तस लाग न डोरी। रकत पसीज, भीजि गई चोली।।
सूखा हिया हार भा भारी। हरे हरे प्रान तजहिं सब नारी।।

ख. सुनियो एक संदेशो उधो गोकुल को जात। (8 अंक)
ता पाछे तुम कहियो उनसों एक हमारी बात।।
मात–पिता को हेत जानि कै कान्ह मधुपुरी आए।
नहिंन न स्याम तिहारे प्रीतम, न जसुदा के जाए।

अथवा

प्रथम जाइ जिन्ह बचन सुनाए। भूषण बसन भूरि तिन्ह पाए।।
प्रेम पुलकि तनम न अनुरागी। मंगल कलस सजन सबलागीं।।
चौकें जारू सुमित्रा पूरी। मनिमय बिबिध भांति अति रूरी।।
आनंद मगन राम महतारो। दिए दान बहु बिप्र हंकारी।।

ग. लाजनि लपेटी चितवनि भेज–भाव भरी। (8 अंक)
लसति ललित लोल–चख तिरछानि मैं।
छबि को सदन गोरो भाल बदन, रूचिर भाल।
इस निचुरत मीठी मृदृ मुसक्यानि मैं।

अथवा

यों रहीम सुख होत है, उपकारी के संग।
बॉटन हारे के लगैं, ज्यों मेंहदी को रंग।।
जो रहीम उत्तम प्रकृति, का कर सकत कुसंग।
चन्दन विष व्यापत नहीं, लपटे रहत् भुजंग।।

इकाई–2

2. 'कबीर मूलतः भक्त थे, बाद में कवि व समाज सुधारक' इस कथन की व्याख्या कीजिए। 12 अंक

अथवा

जायसी के बारहमासा वर्णन को सोदाहरण समझाइए।

इकाई–3

3. सूरदास के जीवन वृत्त पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुए इसकी भक्ति–भावना पर एक सारगर्भित निबंध लिखिए। **(12 अंक)**

अथवा

घनानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की व्याख्या करते हुए उनके काव्य के विविध स्वरूपों की विवेचना कीजिए।

इकाई–4

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए 5x3=15

(i) विद्यापति की सौन्दर्य चेतना का वर्णन कीजिए।

(ii) रसखान के काव्य प्रेम–तत्व को व्यक्त कीजिए।

(iii) रहीम के नीति–परक दोहों का जनमानस पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

(iv) प्रेममार्गी काव्यधारा की विशेषताओं को बतलाइये।

(v) सूरदास के काव्य की विशेषताओं को समझाइये।

इकाई–5

5. निम्नलिखित में से किन्ही बारह प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1x12

(क) कृष्ण भक्ति मार्ग के प्रवर्तक कवि कौन थे?

(ख) पद्मावत की काव्य भाषा क्या है?

(ग) तुलसीदास की धर्मपत्नी का नाम क्या है।

(घ) 'रीतिकाल को और किस नाम जाना जाता है।

(ङ) बीजक में किस कवि की रचनाएं संकलित हैं।

(च) प्राचीन हिन्दी काव्य के संपादक का नाम लिखिए।

(छ) सूरदास की भक्ति मुख्यतः किस भाव की है।

(ज) रहीम का जन्म संवत एवं मृत्यु संवत बतलाइये।

(झ) रसखान के गुरू का क्या नाम है।

(ञ) विद्यापति के रचनाओं के नाम लिखिए।

(ट) 'आखरी कलाम' किस कवि की रचना है।

(ठ) कबीर किसके शिष्य थे।

(ड) 'साखी' का कया अर्थ है।

(ढ़) वात्सल्य सम्राट किस कवि को कहते हैं।

(ण) पुष्टिमार्ग का संबंध किससे है।

(त) रामचरित मानस में कितने काण्ड है।